ISSN : 2456-8856

पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2024-2026 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

# आश्वस्त

वर्ष 26, अंक 243 जनवरी 2024

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 26 अंक 243
जनवरी 2024

# आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/9510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
**डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी**

संरक्षक
**सेवाराम खाण्डेगर**
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
**आयु. सूरज डामोर IAS**
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
**डॉ. तारा परमार**
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
**डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली**
**डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात**
**डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात**
**डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.**

Peer Review Committee
**डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)**
**प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)**
**प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)**
**डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)**

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

## अनुक्रमणिका



| क्र. | विषय | लेखक | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1 | अपनी बात | डॉ. तारा परमार | 3 |
| 2 | छत्तीसगढ़ के कमार जनजाति की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का भौगोलिक अध्ययन | राजू चन्द्राकर शोधार्थी | 4 |
| 3 | 'परिवर्तन की बात' कहानी में व्यक्त दलित चेतना | डॉ. संजय एल. बंधिया | 6 |
| 4 | The Role and Importance of Artificial Intelligence in Information Technology : A Comprehensive Analysis | Dr. Harjinder Kaur | 9 |
| 5 | Inclusive Sports for Persons with Disabilities : Myth or Reality | Dr. Mona Goel<br>Charu Chadha | 15 |
| 6 | Ensuring Values for Coexistential Living Issues and Challenges | Dr. Shyam Sundar<br>Dr. Saroj Malik | 20 |
| 7 | फूले समाज की पत्र-पत्रिका एवं स्मारिकाएँ | डॉ. रुपचंद गौतम | 25 |



UGC Care Listed Journal
खाते का नाम - आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.- 63040357829
बैंक - भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा- फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

| | | |
|---|---|---|
| एक प्रति का मूल्य | : | रुपये 20/- |
| वार्षिक सदस्यता शुल्क | : | रुपये 200/- |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | : | रुपये 2,000/- |
| संरक्षक सदस्यता शुल्क | : | रुपये 20,000/- |

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

# अपनी बात

**''संविधान** का उद्देश्य राज्य के अंगों (विधान मण्डल, कार्यपालिका और न्यायपालिका) का निर्माण ही नहीं है वरन् उनके अधिकार को सीमित करना भी है। नहीं तो पूर्ण दमन का खतरा पैदा हो सकता है। सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हर परिस्थिति में संविधानिक रीतियों को मजबूती से अपनाना होगा। हमें सिर्फ राजनीतिक लोकतंत्र से संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। हमें सामाजिक लोकतंत्र का रूप भी देखना चाहिए, और यह स्वातंत्र्य, समता और बंधुता के सिद्धांत पर चलना है।''

– डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

देश आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है, विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अपना स्थान बना रहा है और अंतरिक्ष में अपने झण्डे गाड़ रहा है। आये दिन प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया में दिखाई देने वाले विज्ञापनों को देखकर प्रसन्नता होती है लेकिन धरातल की वास्तविकता कुछ और ही बयां करती है। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, बालिका एवं महिला सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, कुपोषण आज भी चुनौती बनी हुई है। आंकड़ों में सब कुछ हरा दर्शाना दृष्टिभ्रम ही कहा जाएगा। बेरोजगारी की दर अधिक बनी रहना एक बड़े आर्थिक खतरे का संकेत है।

व्यक्ति, परिवार, समाज और देश के लिये अर्थ ही रीढ़ है। लेकिन जब ऐसा समाज और देश के सम्प्रेषण और संबंध पर ही ग्रहण लगने लगे तो चिंता की बात है। विकास के तमाम दावों के बावजूद नागरिक अपने को उपेक्षित अनुभव करता है। शासन में बैठे लोगों को तो इसका चिंतन–मंथन करना चाहिए, लेकिन साथ ही 'गण' की जिम्मेदारी अधिक बनती है, 'तंत्र' के पहले 'गण' को भी विचार करना होगा कि क्या वह अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह ठीक से कर रहा है? सरकार, राजनीतिक दलों और नागरिकों को संसाधनों का उपयोग अधिकाधिक देशहित में करने की आदत डालनी होगी।

भारत में संसदीय प्रणाली के चलते यदि परिपक्व परम्पराएं और प्रजातंत्रीय मूल्यों के प्रति आस्थाएं स्थापित नहीं हो पाई तो इसका कारण खोजना होगा। देश की राजनीति से समाज सेवा का भाव लुप्त होने का परिणाम है चुनावों पर जातिवाद हावी होना, उसके आगे सब बौने साबित हो रहे हैं। इसलिये हमें ऐसी प्रविधियों के विषय में सोचना होगा जो जनता को मजबूत करे पूरा भारत हिन्दुओं, मुसलमानों, सिखों, इसाइयों, ठाकुरों, जाटों, दलितों, आदिवासियों, लोधियों, यादवों जैसे वर्गों में विभाजित हो गया है, मात्र इसलिये कि एक वर्ग का दूसरे पर विश्वास नहीं है?

एक समय था जब तथाकथित सवर्ण हिन्दू जातियों के महानायकों ने जातिप्रथा के कलंक से समाज को मुक्त कराने के प्रयास किये। महामना मदन मोहन मालवीय, वीर सावरकर, बाला साहब देवरस जैसे लोग ब्राह्मण ही थे लेकिन वे अनुसूचित जातियों के प्रति समता का व्यवहार चाहते थे। सभी राजनीतिक दलों में हिन्दू हैं। अतः यह आशा की जा सकती है कि हिन्दू समाज के भविष्य के लिये वे सब राजनीतिक लाभ–हानि से उपर उठकर एकजुटता के साथ अनुसूचित जातियों–दलितों पर हो रहे अन्याय–अत्याचार को समाप्त करने के लिये आगे आकर सम्मिलित पहल करेंगे और जिस देश ने ''वसुधैव कुटुम्बकम'' का संदेश विश्व को दिया उसे अपने ही देश में सार्थक करेंगे। इस प्रकार हम आनेवाली पीढ़ी को **खुशहाल और सुरक्षित भारत** दे सकेंगे। इतना हमें करना है। डॉ. स्वामी श्यामानन्द सरस्वती ने अपनी रूबाई में व्यक्त किया है –

'सब एक के बेटे हैं सुनिश्चित जानें
हर एक को उठाना है हृदय में ठानें
कर्तव्य सवर्णों का यही बनता है
जितने हैं दलित उनको ये भाई मानें।

हर मन से घृणा द्वेष भगाना होगा
जो सुप्त है वह प्रेम जगाना होगा
निर्माण जो करना है नए भारत का
छाती से दलित वर्ग को लगाना होगा।।

जय भीम, जय भारत, जय संविधान।

**– डॉ. तारा परमार**

# छत्तीसगढ़ के कमार जनजाति की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का भौगोलिक अध्ययन

– राजू चन्द्राकर (शोधार्थी )

**शोध सार** –

छत्तीसगढ़ में कमार जनजाति शासन द्वारा घोषित एक विशेष पिछड़ी जनजाति है। यह गोंड़ जनजाति की उपजाति है। इस जनजाति का निवास जंगलों में होता है। यह जनजाति अत्यंत गरीब, पिछड़ी और मुख्यधारा से विमुख है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद, धमतरी एवं महासमुंद जिले में इनका निवास है। आधुनिक युग में कमार जनजाति पारंपरिक एवं रूढ़ मान्यताओं के साथ आज भी विकास से कोसों दूर है। अत्यंत सीमित आवश्यकता एवं संसाधनों के साथ कमार जनजाति के लोग आज भी बीहड जंगल, पहाड़ों की ओट में, नदियों के समीप स्वयं को अनुकूलित कर जीवनयापन करते है। इसी कारण इस जनजाति में सदियों के बाद भी विकासात्मक परिवर्तन देखने को नहीं मिला है।

**शब्द कुंजी**–जनजाति, कबीला, उत्पत्ति, विकास, गरीब, पीतर कुरिया, दहिया, शिकार।

**प्रस्तावना**–

संवैधानिक व्यवस्था के तहत भारत सरकार द्वारा देश के जनजातीय समुदायों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास के लिए प्रयास किया जाता है। छत्तीसगढ़ के 42 जनजातीय समुदाय एवं उनकी 170 से अधिक उपजातियां जनजाति के रूप में चिन्हित हैं। छत्तीसगढ़ में ऐसी पांच जनजातियां हैं जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा संरक्षित किया गया है। कमार जनजाति इन्ही विशेष पिछड़ी जनजाति में से एक है।

**पूर्व अध्ययन की समीक्षा** –

1. श्रीवास्तव 1990 ने जनगणना रिपोर्ट के आधार पर शोध पत्र सोशियो इकोनामिक एंड डैमोग्राफिक प्रोफाइल ऑफ द कमार ट्राइब ऑफ एम. पी. प्रकाशित किया ।

2. कुमार जितेंद्र 2013 छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में जनजाति का अध्ययन किया जिसमें बताया कि कमार जनजाति पर अन्य जनजातियों व संस्कृति का प्रभाव पड़ता जा रहा है। बाह्य भौतिक व अभौतिक संस्कृति से यह जनजाति समाज प्रभावित हो रहा है जिससे विकास की ओर धीरे–धीरे बढ़ रहा है।

3. कुर्रे एवं प्रधान 2014 में गरियाबंद जिले में कमार जनजाति के विकास पर शासकीय योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करना था। उनके अनुसार यह जनजाति निम्न शिक्षा स्तर के कारण विकास के स्तर पर भी निम्न है।

**अध्ययन के उद्देश्य**–

1. कमार जनजाति की समाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में करना।

2. विकास की वर्तमान स्थितियों से पिछड़ने के कारण का अध्ययन करना।

3. यथासंभव निदान के उपाय सुझाना ।

**शोध प्रविधि** –

इस अध्ययन में कमार परिवार के मुखिया से साक्षात्कार किया गया है। प्राथमिक आंकड़े निरीक्षण, साक्षात्कार आदि से संकलित हैं। द्वितीयक आंकड़े प्रकाशित पुस्तकें, पूर्व शोध अध्ययन, पत्र–पत्रिकाएं आदि से जिए गए हैं।

**कमार जनजाति की उत्पत्ति**–

मान्यता है कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के देवडोंगर पहाड़ी में हुई है। उनके ईष्टदेव को वामन देवता कहा जाता है जो कि महादेव के ही रूप हैं। यह देवस्थल आज भी मौजूद है। कमारों के पूर्वज जंगलों एवं पहाड़ों में निवास करते थे जो पहाड़िया कहलाते थे। महादेव मनुष्यों को जब दान दे रहे थे तब कमारों के आदि पुरूष को तीर–धनुष सौंप कर इसी से जीवनयापन करने का आशीर्वाद दिया। तब

से कमार जनजाति के लोग शिकार करते हैं, ऐसी मान्यता है।

**कमार जनजाति का संकेंद्रण एवं निवास–**

कमार जनजाति छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा तथा मैनपुर विकासखण्ड में, धमतरी जिले के नगरी तथा मगरलोड विकासखंड में तथा महासमुंद जिले के महासमुंद व बागबाहरा विकासखंडों की बस्तियों एवं मजरों–टोलों में निवास करती है। जनगणना 2011 के अनुसार प्रदेश में कमार जनजाति की जनसंख्या 26530 है, जिसमें 13,070 पुरुष तथा 13460 महिलाएं हैं, जिनका लिगानुपात 1030 है। उनमें साक्षरता की दर 38.79% है।

**कमार जनजाति का आवास–**

इस जनजाति के लोग अपना मकान मिट्टी, घास–फूस एवं खपरैल से बनाते हैं। घर के दरवाजे आम की लकड़ी या सेन्हा की लकड़ी से बनाते हैं। घरों में कमरों की संख्या एक या दो ही होती है। उनके निवास स्थान को कमारपारा, कमारडीह तथा कमारटोला आदि नामों से जानते हैं। घर में पीतर कुरिया भी होता है। माई घर में पूर्वजों के साथ अन्य देवताओं की पूजा होती है। कमार एक शिकारप्रिय जनजाति है। अतः सभी के घरों में तीर धनुष व जाल पाया जाता है।

**कमार जनजाति की सामाजिक स्थिति–**

कमार विशेष पिछड़ी जनजाति की दो महत्वपूर्ण उपजातियां हैं–बुंदरजीवा एवं पहाड़िया। मैदानी क्षेत्र में निवास करने वाले "बुंदरजीवा'' कहलाते हैं तथा जंगलों में रहने वाले पहारिया कमार कहलाते हैं। इनके अनेक गोत्र नामों यथा नेताम, मरकाम, मरई, सोढ़ी, जगत, कुंजाम, छेदईहा, धनुधारी, फूलझरिया, ठाकुरिया पहारिया, मंडावी, पड़ोती, नाग, कौड़ो आदि होते हैं जो रक्त संबंध एवं वैवाहिक संबंधों के निर्धारण का आधार है। सगोत्र विवाह निषेध है। परिवारिक संरचना प्रायः केन्द्रीय है जिसमें पति–पत्नी एवं उनके अविवाहित बच्चे रहते हैं। विवाहित पुत्र पिता के आवास के समीप अपना आवास बनाता है। पितृसत्तात्मक परिवार में संपत्ति का हस्तांतरण पिता से पुत्र की ओर होता है। महिलाओं को परिवारिक निर्णयों एवं आर्थिक स्वतंत्रता है। जाति प्रमुख पटेल या गौटिया वृद्ध एवं जानकार व्यक्ति होता है।

**कमार जनजाति की आर्थिक गतिविधियां एवं स्थिति–**

कमार जनजाति का जीवन वनों पर निर्भर है। पूर्व में यह समुदाय स्थानांतरित कृषि करते थे, जिसे ''बेवार खेती'' या ''दहिया खेती" कहा जाता है। इसमें धान, मड़िया, कोसरा, उड़द आदि उगाया जाता था। वर्तमान में कमार जनजाति आदिम तरीके से स्थायी कृषि करते हैं। फसल कटाई के पूर्व वन देवता एवं धरती माता को धान की बाली अर्पित करते हैं। काटे गए धान को दौरी या बेलन से मिंजाई करते हैं। मिंजाई के पूर्व ठाकुर देव व अपने पूर्वज को नई फसल हेतु धन्यवाद स्वरूप नारियल, मुर्गा, मुर्गी या सुअर आदि की "पुजई'' (बली) देते हैं। कृषि के अलावा परंपरागत व्यवसाय बांस–बर्तन निर्माण पर जीविकोपार्जन हेतु निर्भर है। अधिकांश कमार परिवार बांस–बर्तन निर्माण कला में पारंपरिक रूप से दक्ष होते हैं। कमारों के द्वारा बांस से झौंहा, टोकरी, सूपा, चाप (चटाई) तथा विवाह में उपयोगी बांस का पंखा, झांपी, पर्रा तथा मौर इत्यादि बनाया जाता है। महिलाएं साप्ताहिक हाट बाजारों में अपने उत्पाद का विक्रय करती हैं तथा प्राप्त रुपयों से दैनिक उपभोग की वस्तुएं एवं साग–भाजी खरीदती हैं। कमार जनजाति का आर्थिक जीवन वन आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर है।

वनोपज संकलन में महुआ, टोरी, तेंदूपत्ता, साल बीज, कोसम बीज, चार– चिरौंजी, गोंद, हर्रा बेहडा, आंवला, आदि संग्रह करते हैं, जो उनके उपभोग एवं अर्थोपार्जन के काम आता है। उनकी अर्थव्यवस्था में महुआ, तेंदूपत्ता एव साल बीज के संग्रह एवं विक्रय का

भी योगदान है। वनोपज संग्रह में स्त्री एवं बच्चों की भूमिका विशेष होती है। अप्रैल–मई माह में कमार महिलाएं जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने निकलती है। साग–भाजी के रूप में आम, जामुन, तेंदूफल, कांदा, पीतकांदा, करू कांदा, करील, कोलियारी भाजी, चरोटा भाजी आदि का उपयोग करते हैं। कुछ घरों में गाय, बैल केवल कृषि उद्देश्य हेतु तथा बकरी, सुअर मुर्गी आदि को स्वयं उपभोग, विक्रय एवं सामाजिक धार्मिक क्रियाकलापों में 'पुजई' आदि उद्देश्य से पाला जाता है।

पूर्व में कमार लोग दहिया कृषि के साथ–साथ छोटे जंगली जीवों का शिकार करते थे किंतु अब छोटे पक्षियों आदि का शिकार मनोरंजन के लिए करते हैं। चूंकि इनकी बसाहट नदी–नालों के समीप होती है इसलिए मत्स्याखेट में विशेष रुचि रखते हैं । समुदाय के पुरुष एवं बच्चे समूह बनाकर विशेष तिथि को जंगल देव की पूजा कर सामूहिक शिकार के लिए जाते हैं। शिकार को जंगल में ही बराबर मात्रा में आपस में बांट लेते हैं या सामूहिक भोज रखते हैं। सामाजिक व्यवस्था के लिए जाति पंचायत बैठक होती है जिसमें सभी कमार लोग शामिल होते हैं । समस्याओं का निपटारा इसी पंचायत में करते हैं । विवाह घर के बुजुर्गों की देखरेख में संपन्न होते हैं। कमार जनजाति में विधवा विवाह व पुनर्विवाह प्रचलित है

**निष्कर्ष**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में कमार जनजाति के विकास में कमार प्रकोष्ठ का गठन व कमार जनजाति के कल्याण व उसके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए यह प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । क्योंकि यह जनजाति अन्य जनजाति की अपेक्षा अधिक पिछड़े हुए हैं। प्रकोष्ठ का गठन होने के बाद इस जनजाति को विभिन्न प्रकार की सुविधा मिल रही है। लेकिन यह सुविधा भी पर्याप्त नहीं है। इसके विकास के लिए रोजगार मूलक और जीविकोपार्जन से संबंधित व कौशल विकास केंद्रित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है तमाम कोशिशों के बाद भी जनजाति समाज अशिक्षा, ऋण ग्रस्तता, शोषण तथा निर्धनता जैसी सामाजिक समस्याओं से ग्रसित है। ऐसे में कमार जनजाति की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं का अध्ययन और भी

**सुझाव–**

- योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन, मूल्यांकन, गुणवत्ता तथा पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।
- रोजगार के अवसरों में वृद्धि एवं स्वरोजगार की सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए ।
- धर्म परिवर्तन से बचाव पर ध्यान देने की आवश्यकता ।
- विचारों और मनोवृत्तियों में परिवर्तन लाया जाय तथा शिक्षा व्यावहारिक एवं कृषि, दस्तकारी, कृषि उपकरणों के निर्माण तथा हस्तशिल्प से संबंधित होनी चाहिए ।
- स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए सचल चिकित्सालयों की व्यवस्था होनी चाहिए।

**– राजू चन्द्राकर (शोधार्थी)**
देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकराकुम्हारी,
दुर्ग (छत्तीसगढ़) भारत

**संदर्भ :**

1. उपाध्याय, डा. विजय शंकर एवं विजय प्रकाश भारत में जनजातीय संस्कृति, मध्य प्रदेश ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. वैष्णव, डॉ. टी.के. 2009, 'छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जनजाति महिलाएँ ( स्थिति, भूमिका एवं विकास)", आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर ।
3. अंजुबाला, 2006, '"जनजातियों की राजनीतिक संस्कृति'', युनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली'।
4. कुर्रे एवं प्रधान, 2014, गरियाबंद जिले में कमार जनजाति का अध्ययन।
5. सेठी अर्चना, 2017, ''छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में कमार के आय एवं उपभोग प्रवृत्ति का अध्ययन।"

# 'परिवर्तन की बात' कहानी में व्यक्त दलित चेतना

– डॉ. संजय एल. बंधिया

हिंदी दलित साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर सूरजपाल चौहान का जन्म उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के खुशवाली गांव में हुआ था। सूरजपाल चौहान बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कहानी, कविता व आत्मकथा जैसे साहित्य के माध्यम से जीवन के कटु यथार्थ को वाचा प्रदान की है। चौहानजी का दलित साहित्य हमें दलित समाज की हकीकतों और कमजोरियों से हमें रूबरू करवाता है। चौहानजी के साहित्य में समाज में व्याप्त अस्पृश्यता, पाखंडवृत्ति, खोखलापन तथा दलितों के प्रति भेदभाव का हृदयस्पर्शी व मार्मिक अंकन किया गया है। अतः सूरजपाल चौहान चेतना व अस्मिता के साहित्यकार हैं। उन्होंने अपने साहित्य में जातिवादी सोच एवं वर्चस्ववादी नीतियों का विद्रोह किया तथा दलितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है।

'परिवर्तन की बात' सूरजपाल चौहान के 'हैरी कब आएगा' कहानी संग्रह से ली गई है। सूरजपाल चौहान ने अपनी कहानियों में जातिवाद की समस्या का बड़ा ही यथार्थ वर्णन किया है। समाज में व्याप्त कठिनाइयों के भोगे हुए यथार्थ के वे साक्षी रहे है। अतः अपनी कहानियों के माध्यम से दलितों में व्याप्त अंधश्रद्धा, सड़ी–गली मान्यताओं को भी उकेरते हुए नजर आते है। साथ– साथ सभ्य समाज के प्रति भी लाल आंख की है। 'परिवर्तन की बात' कहानी में संघर्ष एवं मुक्ति की बात है। आलोच्य कहानी का प्रारंभ सदियों से चली आ रही वर्ण–जाति व्यवस्था से होता है। किसना (चमार) आलोच्य कहानी का प्रमुख पात्र है, जो जाति व्यवस्था और वर्चस्ववादी उत्पीड़न का शिकार है। रघु ठाकुर ठाकुर तथा हरप्रसाद दलितों के प्रति गलत एवं शोषणकारी नीति रखनेवाले पात्र है। एक दिन रघु ठाकुर के आंगन में गाय मर जाती है। खासतौर पर गांव में मृत जानवरों को उठाने का काम दलित व चमार लोग करते थे। अतः रघु ठाकुर सुबह जल्दी किसना के घर पहुंच जाते हैं। घर पहुंचते ही रघु ठाकुर किसना को देखते ही गिड़गिड़ाने लगते है–

" किसना भैया कल रात हमारी गैया मर गई।''

''कैसे मर गई ठाकुर? किसना ने आश्चर्य से पूछा।''

''कुछ पता ना चल सका, कल संध्या में तो दुहा था उसे, लगता है रात की ठंड उसे खा बैठी।।''[1]

ठाकुर की बात सुनकर किसना कहता है कि उसमें मैं क्या कर सकता हूं। किसना के 'मैं क्या कर सकता हू' शब्द सुनकर ठाकुर तिलमिला उठता है। क्रोधित हो ठाकुर कहते हैं कि करना क्या है? मृत गाय को फेंक दो और उसकी खाल उतार लो। यह शब्द मृत जानवरों के प्रति अमुक लोगों की विकलांग मानसिकता को दर्शाते हैं। वर्तमान समय में भी कभी–कभार हम देखते हैं कि मृत पशुओं के साथ बड़ा बर्बर जुल्म किया जाता है। मनुष्य की सोच पूरी तरह बदल चुकी है। ठाकुर हर प्रसाद जैसे लोग स्वार्थपूर्ति में ही अपने जीवन का परम कर्तव्य मानते हैं। तभी तो गाय के मर जाने पर वह रघु ठाकुर के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहता है –

''रघु तुम्हारी गाय मर गई मुझे बहुत दुख हुआ लेकिन एक तरह से अच्छा ही हुआ । चारा खाती थी पंसेरी और दूध बस छटांक भरा।''[2]

गाय के प्रति कहे गए यह शब्द मनुष्य की स्वार्थ मनोवृति को दर्शाते हैं। आज का मनुष्य स्वार्थ की आपाधापी में पशुओं के प्रति निर्मम बन गया है। अति विकसित सोच तथा स्वार्थवृत्ति के कारण वह निसर्ग को भी भूल गया है। आज का मनुष्य बिना स्वार्थ के श्वास लेना भी मुनासिब नहीं समझता है।

गाय की कीमत तब तक है जब तक वह दुहाने देती है। आज के मनुष्य में यह अनैतिक सोच बन रही है। प्राचीन समय में गाय को केवल प्राणी न मानकर

आराधना एवम संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। व्यक्ति और जानवर के बीच आत्मीय संबंध बन चुके थे। वह पशुओं को अपने परिवार का एक सदस्य मानते थे। कहानीकार ने आलोच्य कहानी में यह परिवर्तनशील सोच को यथार्थ रूप से हमारे सामने रखने का बड़ा ही सटीक प्रयास किया है। गाय की आधुनिक समय में निर्थकता पर ठाकुर हरप्रसाद कहता है, जो सभ्य समाज के लिए विचारणीय है–

''यह पशु तो फालतू का बनकर रह गया है। इसकी उपयोगिता अब रही कहां? इसके बछड़े बड़े होकर बैल बनते थे। अब नई–नई तकनीक आने से खेती कामों में बैलों का महत्व भी नहीं रहा है।''[3]

इस कथन में आधुनिक युग के मनुष्य के फायदावादी दृष्टिकोण को उद्घाटित किया गया है। जानवरों के प्रति हमारी सहानुभूति कम होती जा रही है। जब पहले कोई पशु या जानवर मरता था तो हमें बड़ा ही सदमा (आघात) लगता था। लेकिन आधुनिक सोच ने समाज की पूरी विचारधारा को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है। वस्तुतः गाय ने ठाकुरों के कुए के पास ही दम तोड़ दिया था। अतः महिलाओं के लिए पानी भरना दूभर हो गया था। महिला के मृत गाय की ओर देखकर कहे गए यह शब्द मनुष्य की स्वार्थपन की ओर इशारा करते है–"नासपीटी ने यही मरना था कहीं दूर जाकर मरती।।''[4]

उधर किसना मृत गाय के शरीर को उठाने से मना कर देता है। अतः रघु ठाकुर अपने बेटे रामसेन समेत किसना के घर लाठी लेकर पहुंच जाते हैं। रघु और रामसेन उसे जानवर की मिट्टी पार लगाने के लिए धमकाते हैं। दोनों की बातों को किसना शांत मन से निडर हो सुन रहा था। अंत में किसना कहता है–

"ठाकुर मैंने मरे जानवर उठाना बंद कर दिया है।''[5]

किसना के यह शब्द आज के दलित समाज की आधुनिक सोच को दर्शाते हैं। रघु द्वारा बार–बार प्रयास करने पर भी वह टस से मस नहीं होता है। किसना का मानना था कि उसे कौन सा काम करना है या नहीं वह उसकी मर्जी है। यहां पर ठाकुर की वर्चस्ववादी सोच देखने को मिलती है। किसना अपने पूरे समाज को इस पेशे से बाहर निकालना चाहता है। अपने समाज को एक नई दिशा देना चाहता । उनका मानना था कि समय के साथ हमारी विचारधारा में भी परिवर्तन आवश्यक है। अतः वह रघु ठाकुर से कहता है–

''ठाकुर साहब अब समय बदल रहा है। क्या आप नहीं चाहते कि समय के साथ हम भी बदले।''[6]

यहां पर किसना परिवर्तन चाहता है। वह खुलकर सड़ी–गली रूढ़ियों एवं परंपराओं का खंडन करता है। वह प्रेमचंद की 'सद्गति' कहानी का दुखी चमार नही है, जो पंडितजी के अत्याचार का विरोध न कर सके। बल्कि किसना तो आधुनिक युवाओं की विचारधारा या सोच का जीवंत प्रतीक है। वह अकेला नहीं है परंतु पूरा समाज उनकी यह परिवर्तन सोच के साथ है। अतः वह स्पष्ट शब्दों में ठाकुर को सुना देता है–

''ठाकुर मैने और मेरे मोहल्ले के सभी लोगों ने मरे जानवर उठाना बंद कर दिया है।''[7]

इन शब्दों में किसना की तेजस्वी विचारधारा बहती हुई नजर आती है। किसना और उनके मुहल्लों के लोगों ने तय कर लिया था कि जीना है तो शान से वरना मौत ही भली। तुम्हारे मरे जानवर हम नहीं उठाएंगे, जो करना है सो करो। लेकिन यह बात ठाकुर को कहां पचनेवाली थी, क्योंकि अब तक चमारों पर अन्याय व शासन ही किया गया था। आज जब लोग मृत जानवर उठाने से मना करें तब वह उसे कैसे बक्स देता। अतः वह पुलिस में किसना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर देता है। थानेदार भी रघु ठाकुर का ही प्यादा है। थानेदार भी ठाकुर के पक्ष में ही बात रखता है। पुलिस के सामने किसना के मुंह से व्यक्त ये शब्द बड़े ही यथार्थ व प्रासंगिक लगते हैं–

"साहब क्या आप नहीं चाहते कि हम अपना यह धंधा छोड़कर कोई और धंधा करें...क्या हम सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत नहीं कर सकते''[8]

यहां पर दलित–पीड़ित लोगों के अस्तित्व के

संघर्ष की लड़ाई दृष्टिगत होती है। कहानी का अंत बड़ा ही विचारणीय है। जब चमारों ने गाय उठाने से मना कर दिया तो एक दिन ठाकुर ने उनके घरों के चारों तरफ कांटेदार तारों की मजबूत बाढ़ खींच दी। क्योंकि इन सभी लोगों का आने जाने का रास्ता ठाकुरों की जमीन से होकर ही गुजरता था। दलित व गरीबों में परिवर्तन यह पूंजीपति लोग नहीं चाहते हैं। उनका तो यही मानना रहता है कि गरीब सदा गरीब ही रहे। रघु ठाकुर की वर्चस्ववादी सोच का पर्दाफाश चौहानजी ने बड़े ही सटीक ढंग से आलोच्य कहानी में किया है। दलित समुदायों के बीच आई चेतना और उनका प्रतिरोध के लिए उठ खड़ा होना इसी का संकेत है, जो की कहानी के माध्यम से बड़े ही हृदयस्पर्शी ढंग से दिखाया गया है। वर्तमान समय परिवर्तन का समय है। जातिवादी सोच अब समाज में चलने वाली नहीं है। आलोच्य कहानी के माध्यम से कहानीकार ने जातिवादी सोच एवं वर्चस्ववादी विचारधारा को करारा जवाब दिया है। शिक्षा के कारण आज दलित समाज में परिवर्तन की चिंगारी प्रकट हुई है। किसना जैसे युवको के आगे आने से पूरे समाज को लाभ मिलता है। भले ही प्रारंभ में किसना जैसे युवकों को संघर्ष करना पड़े, लेकिन अंत में जीत सत्य की ही होकर रहेगी।

**- Dr. Sanjay L. Bandhiya**
Head of Department Hindi
Government Arts College, Bhesan
Dist - Junagadh Pin 362020
Mob. : 9913215452

**संदर्भ :**

(1) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(2) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(3) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(4) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(5) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(6) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(7) परिर्वतन की बात – सुरजपाल चौहान, पोषम
(8) परिर्वतन की बात– सुरजपाल चौहान, पोषम

# The Role and Importance of Artificial Intelligence in Information Technology : A Comprehensive Analysis

**- Dr. Harjinder Kaur**

## Abstract

AI has become a transformative force in information technology, revolutionizing businesses and user interactions. This analysis explores its applications, innovations, challenges, and future prospects in various domains such as cybersecurity, data analysis, software development, network management, and customer service. It also addresses AI ethics, ethical considerations, and challenges, emphasizing the need for responsible AI deployment. By understanding the current landscape and future potential of AI in IT, this research article provides insights for businesses, policymakers, and researchers to harness the full potential of AI and navigate the opportunities and challenges that lie ahead. The goal of this study is to discuss the role and importance of artificial intelligence in the field of information technology, and its applications that can help the IT industry build better systems with guaranteed quality.

**Keywords :** Artificial Intelligence, Information Technology, Decision-making, Innovation, Challenges.

**Introduction**

Artificial Intelligence (AI) plays a vital role in the field of Information Technology (IT) that significantly impacts various aspects of operations. It revolutionizes data processing, analysis, and utilization, enabling businesses to make informed decisions and streamline operations. AI systems, driven by sophisticated algorithms and machine learning techniques, mimic human intelligence, enhancing decision-making capabilities, improving efficiency, and enabling innovation. AI has revolutionized automation, process optimization, data analysis, predictive modeling, cybersecurity, and customer service. However, as AI becomes more pervasive, it presents challenges and ethical considerations. This research article aims to provide insights and recommendations for businesses, policymakers, and researchers to understand the transformative power of AI in IT and explore opportunities for leveraging AI to gain a competitive edge in the digital era. It will examine the evolution of AI in IT, its applications, AI-driven innovation, address challenges and ethical considerations and provide recommendations for the future of AI in IT.

**Evolution of AI in IT**

AI in IT has revolutionized technology with advancements since the late 1950s and early 1960s. The Dartmouth Workshop marked the birth of AI, while Logic Theorist, General Problem Solver, and expert systems were developed in the 1970s and 1980s. Shakey the Robot was created at Stanford Research Institute in the late 1960s and early 1970s. Machine learning techniques, including neural networks, gained popularity in speech recognition and pattern recognition in the 1990s. Deep Blue, Natural Language Processing, Data Mining, Big Data, Deep Learning, Reinforcement Learning, AI in Industry, Ethical Considerations, Transformers and Language Models, and Transformers and Language Models are just a few of the milestones and advancements made in AI in IT. AI technologies have found widespread applications in industries like healthcare, finance, e-commerce, and autonomous vehicles. Ethical considerations have led to discussions around bias, transparency, and responsible AI deployment.

**AI applications in IT**

AI has found numerous applications in the field of IT, such as

- **Automation and process optimization :** AI-powered automation tools can streamline repetitive tasks, increase efficiency, and optimize processes by analyzing patterns, identifying bottlenecks, and suggesting improvements.
- **Data analysis and predictive modeling**: AI techniques are used for data analysis and predictive modeling, enabling organizations to gain insights, make data-driven decisions, and forecast outcomes for IT-related tasks.
- **Customer service and chatbots** : AI chatbots automate customer service by utilizing NLP techniques to generate human-like responses, improve customer experience, and reduce workload, enhancing technical issues.
- **Cybersecurity and threat detection:** AI algorithms and machine learning models are essential for cybersecurity, allowing for early detection and prevention of cyber threats by analyzing network traffic patterns, anomalies, and historical data.
- **IT infrastructure management** : AI chatbots automate customer service by utilizing NLP techniques to generate human-like responses, improve customer experience, and reduce workload, enhancing technical issues.

**AI and Innovation in IT**

AI has revolutionized the way organizations operate and deliver value, unlocking new possibilities, driving efficiencies, and creating unique competitive advantages.

- **Smart Technologies and Intelligent Systems:** AI makes it possible to create intelligent systems that can analyse data, draw conclusions from it, and carry out difficult tasks.
- **Pattern recognition and machine learning :** Machine learning is an AI subset that uses data to learn patterns, predict, and detect anomalies, fraud, and demand in various domains.
- Natural Language Processing and Speech Recognition : AI enhances human-computer intera-ctions through voice commands, transcription, and search.
- **Process optimization and automation:**AI-powered automation streamlines workflows, eliminates manual tasks, improves efficiency, frees human resources, enhances accuracy, reduces errors, and effectively scales operations.
- **Making decisions based on data :** AI helps organizations make data-driven decisions by extracting insights from complex datasets using

techniques like data mining, predictive modeling, and recommendation systems.

**Challenges and Ethical Considerations**

AI and IT integration presents challenges and ethical considerations that need to be addressed.

- **Bias and Fairness :** AI systems must be fair and mitigate biases to avoid perpetuating discriminatory practices or outcomes, which can lead to discriminatory outcomes.
- Data Security and Privacy : Organizations must prioritize data privacy and security to protect individuals' rights and maintain trust in AI systems through robust measures, compliance, and ethical handling practices.
- **Job Implications and Workforce Displacement:** AI systems can lead to job displacement, so it is important to address potential job transitions, provide reskilling opportunities, and explore ways to integrate AI technologies in a way that augments human capabilities.
- **Ethical Decision-making:** Organizations must establish guidelines and ethical frameworks to govern AI decision-making processes and be transparent about the factors influencing AI outcomes.
- **Accountability and Justification:** AI systems must be transparent, accountable, and auditable to build trust and ensure responsible adoption in sensitive domains like healthcare, finance, and law.
- **Robustness and Adversarial Attacks:** AI systems must be protected against adversarial attacks and ensure robustness and reliability to prevent potential harm or misuse.
- **Inequality and its Social Impact:** AI adoption can have social impacts, so it is important to ensure that AI technologies are developed and implemented in ways that promote inclusivity, fairness, and minimize societal inequalities.

**Recommendations for AI Adoption and Implementation:**

- Organizations should define a strategy to align AI adoption with their business objectives, including areas of value, resources, and a roadmap for implementation.
- Organizations should foster a culture of experimentation, innovation, and continuous learning to empower employees to explore AI technologies.
- Organizations should invest in data collection, cleansing, and validation processes to ensure data privacy,

security, and compliance.

• Organizations should ensure fairness, transparency, and accoun-tability in AI algorithms and models, and stay up-to-date with relevant laws and regulations.

• Organizations can leverage external expertise and partnerships to accelerate AI adoption and address specific challenges.

• Organizations should invest in developing AI skills by hiring data scientists, AI specialists, and providing training programs to upskill existing employees.

• Start with small-scale pilot projects to assess the feasibility and impact of AI technologies before scaling them across the organization.

• Organizations should monitor and evaluate AI systems by tracking KPIs, collecting feedback, and iterating on models to improve accuracy and effectiveness.

• Investment in change manage-ment strategies to ensure smooth transition and user adoption of AI implemen-tation, including effective communi-cation, training, and invol-ving employees.

• Organizations should stay agile and adaptive to embrace new opportunities in AI by monitoring industry trends, attending conferences, and fostering a culture of innovation.

By implementing these suggestions, organisations may successfully manage the adoption and deployment of AI technology, maximising their advantages while addressing possible risks and problems.

**Conclusion**

AI significantly impacts information technology (IT) by transforming data processing, analysis, and decision-making. It automates repetitive operations, improves user and customer experience through Natural Language Processing (NLP), and enhances cybersecurity measures. AI also personalizes user experiences, enhancing happiness and engagement. AI supports decision-making by analyzing complex data sets, enabling businesses to make data-driven choices. Future breakthroughs, such as robots, autonomous driving, smart cities, IoT, and AR/VR, are driven by AI's boundless potential. Overall, AI will continue to influence the direction of information technology, transforming the way organizations operate and enhancing overall efficiency.

**Implications for the Future of AI in IT**

• AI will lead to more sophisticated algorithms, improved capabilities, and

improved performance.

- AI will help humans with decision-making, creative tasks, and problem-solving.
- Organizations must adapt their workflows and reskill their workforce to work with AI systems.
- AI will be used to tailor solutions to industry-specific challenges, driving innovation and transformation.
- Ethical frameworks and regulations must be developed to ensure responsible and accountable use of AI technologies.
- AI will improve user experiences through personalized recommendations, conversational interfaces, and integration with everyday devices.

Overall, artificial intelligence in IT has promise but also presents difficulties. Organisations may fully utilise AI while addressing societal and ethical problems by embracing ethical practises, investing in people and skills, and promoting an innovative culture.

**- Dr. Harjinder Kaur,**
Assistant professor,
Khalsa College of Education,
Ranjit Avenue, Amritsar (Punjab) India.
Mobile:7986204871.

**References :**


- Dirican, C. (2015). The impacts of robotics, artificial Intelligence on business, and economics.*Procedia-Social and Behavioral Sciences*, *195*, 564-573.
- Iliadis, L., Maglogiannis, I., & Papadopoulos, H. (2012). Artificial intelligence applications and innovations. Berlin: *Springer.*
- Issa, T., & Isaias, P. (2015). Artificial intelligence technologies and the evolution of Web 3.0. Preface. Hershey, PA: IGI Global.
- Makridakis, S. (2017). The forthcoming Artificial Intelligence (AI) revolution: Its impact on on society and firms.*Futures ELSVIER, 90*,46-60
- https://bernardmarr.com/the-evolution-of-ai-transforming-the-world-one-algorithm-at atime/#:~:text=The%20journey%20of% 20AI%20started,%2C% 20LISP%2C%20by%20John %20McCarthy.
- https://blogs.cdc.gov/niosh-science-blog/2019/08/26/ai/
- https://builtin.com/artificialintelligence/artificial-intelligence-future
- https://softengi.com/blog/ai-in-it-how-artificial-intelligence-will-transform-the-it-industry/
- https://timesofindia.indiatimes.com/readersblog/shikshacoach/how-ai-will-impact-the-futureof-work-and-life-49577/
- https://www.simplilearn.com/tutorials/artificial-intelligence-tutorial/artificial-intelligence applications
- https://www.springboard.com/blog/data-science/artificial-intelligence-future/

